# मेधा की उड़ान

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## हाईस्कूल के मेधावी



रौनक पाठक 97.4% बृज किशोरी दुबे मेमोरियल स्कूल
रक्षिता सिंह 96.6% बृज किशोरी दुबे मेमोरियल स्कूल
अंशिमा श्रीवास्तव 96.4% बृज किशोरी दुबे मेमोरियल स्कूल
श्लोक सिंह 96% बृज किशोरी दुबे मेमोरियल स्कूल


मधुकर तिवारी 93% कृष्णा फाउंडेशन एकेडमी
योगेश चौबे 97% कामद शाइनिंग स्टार्स एकेडमी
मधुकर तिवारी 93% कृष्णा फाउंडेशन एकडमी
जान्हवी सिंह 92% कामद शाइनिंग स्टार्स एकेडमी


अध्ययन गुप्ता 98.2% स्वीट एंजेल इंटरनेशनल स्कूल
वैभवी चौहान 98 फीसदी एसजे एजुकेशन सेंटर
वैष्णवी यादव, 97 फीसदी एक्मे पब्लिक स्कूल
वैष्णवी केसरी 97 फीसदी एक्मे पब्लिक स्कूल


योगेश यादव 95% एक्मे पब्लिक स्कूल
नमनप्रीत सिंह 98.8% चिंटल्स स्कूल
यशी सचान 98.8% चिंटल्स स्कूल
आरुषी कटियार 98.2% चिंटल्स स्कूल


स्वर्णिम पाल 98.2% चिंटल्स स्कूल
सार्थक सचान 97.8% चिंटल्स स्कूल
अनुष्का बंसवानी 97.6% चिंटल्स स्कूल
मंजरी गुप्ता 97.6% चिंटल्स स्कूल


जान्हवी यादव 97.4% चिंटल्स स्कूल
जयंत मिश्रा 97.4% चिंटल्स स्कूल
प्रीतम आहूजा 97.2% चिंटल्स स्कूल
सनशाइन पब्लिक स्कूल, मेधा चित्रांशी 93 फीसदी


आयुष गुप्ता स्वराज इंडिया पब्लिक स्कूल 98.6 फीसदी
यश वर्धन स्वराज इंडिया पब्लिक स्कूल 98.6 फीसदी
सेठ आनंदराम जयपुरिया रिदा टंडन 99.20
सेठ आनंदराम जयपुरिया सार्थक श्रीवास्तव 99 फीसदी


सेठ आनंदराम जयपुरिया मानन आनंद 99 फीसदी
सेठ आनंदराम जयपुरिया शेख मोहम्मद हसन 99 फीसदी
सेठ आनंदराम जयपुरिया इशा अग्रवाल 98.80 फीसदी
सेठ आनंदराम जयपुरिया मोहम्मद राफी कुरैशी 98.80 %


सनशाइन पब्लिक स्कूल शहान सिद्दीकी 98 फीसदी
सनशाइन पब्लिक स्कूल आद्या सेंगर 95 फीसदी
सनशाइन पब्लिक स्कूल प्रियांशू गुप्ता 95 फीसदी
4सनशाइन पब्लिक स्कूल छात्र मोहम्मद उवैद 94 फीसदी


शीलिंग हाउस के सफल छात्र-छात्राओं ने खुशी का इजहार किया। अमृत विचार

# सीआईएससीई के परीक्षा परिणाम में छात्राओं ने फिर गाड़ा झंडा

## दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में पास होने वाले परीक्षार्थियों में छात्राओं का प्रतिशत ज्यादा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रिजल्ट के बाद स्कूलों में उत्साह, शीलिंग हाउस में काटा केक

**अमृत विचार।** सीआईएससीई के परीक्षा परिणाम में छात्राएं अव्वल साबित हुई हैं। शहर के मेधावियों की सूची में 52 फीसदी छात्राओं ने कब्जा कर लिया है। परीक्षा में शहर के 56 स्कूलों के परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें आईसीएसई (दसवीं) में लगभग 7800 व आईएससी (बारहवीं) में 5200 परीक्षार्थी शामिल हुए। आईसीएसई में 99.8 फीसदी छात्राएं व आईएससी बारवीं में 99.6 फीसदी छात्राएं सफल रहीं।

आईएससी (बारहवीं) में द चिंटल्स स्कूल की छात्रा प्रतिष्ठा सचान ने 99 फीसदी अंक हासिल किए हैं। इसी स्कूल की छात्रा वैष्णवी सिंह ने 98.75 फीसदी अंकों पर कब्जा किया है। आईसीएसई (दसवीं) में चिंटल्स स्कूल की अनुष्का गुप्ता ने 99.4 अंकों के साथ छात्रों के साथ कंधा मिलाया है। डॉ. वीरेन्द्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर किदवई नगर की छात्रा अनुष्का बघेल ने भी 99.4 फीसदी अंक हासिल किए हैं। छात्राओं का परीक्षा परिणाम पिछले वर्षों की तुलना में एक फीसदी बेहतर हुआ है। शहर के टॉप 100 मेधावियों की बात की जाए तो दोनों ही स्ट्रीम में छात्राओं ने लगभग 52 फीसदी स्थान पर कब्जा किया है।



सनशाइन पब्लिक स्कूल में मना जश्न। अमृत विचार

### परीक्षार्थियों ने मनाई खुशी

परीक्षा परिणाम के आते ही स्कूलों में उत्साह रहा। परीक्षार्थियों ने स्कूलों में आकर अपना परीक्षा परिणाम देखा और पास होने की खुशी साथियों के संग मनाई। स्कूल प्रशासन की ओर से बेहतर अंक लाने वाले बच्चों के अभिभावकों को बुलाया गया। शीलिंग हाउस स्कूल में केक कटिंग सेरेमनी भी आयोजित हुई। इस सेरेमनी में स्कूल के टॉपर छात्र ओजस्वित पसरीचा को भी शामिल किया गया।

### शहान ने हासिल किए 98 फीसदी अंक

कानपुर। सनशाइन पब्लिक स्कूल में सोमवार को परीक्षा परिणाम आते ही उत्साह फैल गया। स्कूल के प्रबंधक निर्मल तिवारी व प्रधानाचार्य सुकांक्षा अवस्थी ने बताया कि कक्षा दस में शहान सिद्दीकी ने 98 फीसदी, आद्या सेंगर व प्रियांशू गुप्ता ने 95 फीसदी अंक हासिल किए। उबैद ने 94, मेधा चित्रांशी ने 93 फीसदी व वैभव पाल ने 92 फीसदी अंकों के साथ सफलता हासिल की है। बारहवीं में सागर यादव ने 96 फीसदी अंकों के साथ स्कूल को टॉप किया है। आफरीन नाज ने 95 फीसदी, अभिषेक कुमार ने 94 फीसदी, लक्ष्य गुप्ता व सौम्या प्रजापति 98 फीसदी अंक हासिल किए हैं।

## वीरेंद्र स्वरूप की इशिता व ऋषभ स्कूल टॉपर


ऋषभ शुक्ला।


इशिता शुक्ला।

**कानपुर।** वीरेंद्र स्वरूप किदवई नगर की इशिता गंगवार व ऋषभ शुक्ला ने 97.25 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। दोनों ने स्कूल टॉप किया है।

यशोदा नगर निवासी ऋषभ शुक्ला के पिता एके शुक्ला बीएसएफ जवान हैं, वर्तमान में वह मणिपुर में तैनात हैं। मां अंजू गृहणी हैं। ऋषभ ने मैथ और कंप्यूटर में पूरे 100 अंक प्राप्त किए, जबकि फिजिक्स में 96, कमेस्ट्री 94 व इंग्लिश में 93 अंक हासिल किए। ऋषभ ने जेईई मेन्स में 99.69 परसेंटाइल प्राप्त किए हैं। उनका आगे का सपना आईआईटी मुंबई में दाखिला लेने का है। इशिता ने बताया कि उनके पिता अतुल गंगवार टेक्सटाइल कर्मी हैं। इशिता ने फिजिक्स मैथ में 98-98 जबकि कंप्यूटर में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए।


वीरेंद्र स्वरूप स्कूल के बच्चे चहक उठे।

### परिणाम देखकर परीक्षार्थी-शिक्षक खुश

**कानपुर।** डॉ. वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल कैंट की प्रिंसिपल सुषमा मंडल ने बताया कि परीक्षा परिणाम उत्साह देने वाला रहा। आईएससी में सभी छात्र व छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इनमें विज्ञान वर्ग में यर्थाथ वार्सनेय 97.25 फीसदी व अनुष्का त्रिपाठी ने 97,25 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान हासिल किया। रोशान अहमद अंसारी ने 96.25 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान व खुशी डिस्ले 95.25 प्रतिशत पाकर तृतीय स्थान पर रही। वाणिज्य वर्ग में भव्या रस्तोगी 94 प्रतिशत पाकर प्रथम स्थान पर रहीं। दीक्षा गौड़ 93 प्रतिशत पाकर द्वितीय स्थान व वृंदा गुप्ता 92.75 व मधुकर अवस्थी 92.75 प्रतिशत पाकर तृतीय स्थान पर रहीं। ह्यूमैनिटीज़ वर्ग में अंजनी सिंह 95 प्रतिशत पाकर प्रथम स्थान पर रहीं। अनवेशा यादव 92.75 प्रतिशत पाकर द्वितीय स्थान व इन्सा तारिक 82 प्रतिशत पाकर तृतीय स्थान पर रहीं।

### सौ फीसदी रहा परीक्षा परिणाम

**कानपुर।** कैम्ब्रिज हाईस्कूल सिविल लाइन्स कानपुर के छात्रों का दसवीं व बारहवीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। स्कूल की प्रिंसिपल रुचि कोहली व निदेशिका नीलम मल्होत्रा ने बताया कि उनके स्कूल में आईएससी के टापर छात्रों में हम्दिया शकील बेग ने 92 फीसदी अंक हासिल किए है। इसी तरह शाजिम सिद्दीकी ने 91 फीसदी, राहिल अली खान ने 88, अनुष्का वर्मा ने 86, अली अशर ने 86 फीसदी अंक हासिल किए हैं। इसी तरह विद्यालय के आईसीएसई में टापर छात्रों में शाबान अहमद ने 94 फीसदी, गोविन्द गुप्ता ने 91 फीसदी अंक, रिधान गुप्ता ने 90 फीसदी अंक, सालिक सिदद्की ने 90 फीसदी अंक हासिल किए है।

## एक लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें

**कानपुर।** आईएससी बोर्ड परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले चिंटल्स स्कूल के छात्र संचय सचदेवा ने बेहतर स्थान प्राप्त किया। संचय के पिता राकेश सचदेवा कपड़ा कारोबारी है, मां मीनू गृहणी है। छोटा भाई हर्षित सचदेवा हाईस्कूल का छात्र है। संचय ने बताया कि पढ़ाई करने से पहले एक गोल निर्धारित करें और उसी को फोकस करते हुए रोजाना टाइम टेबल के अनुसार ही पढ़ाई करें, कहा कि पढ़ाई में अनुशासन बहुत बड़ा महत्व रखता है, जो प्रत्येक छात्र के जीवन में होना चाहिए।


संचय सचदेवा।

एक लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करने से सफलता जरूर हासिल होगी। संचय ने कहा कि उन्हें आईआईटी से कंप्यूटर साइंस का इंजीनियर बनना है, क्योंकि आने वाला भविष्य कंप्यूटर का ही है।

## इंटर के मेधावी


अभिषेक कुमार सनशाइन पब्लिक स्कूल 94 फीसदी
जयंती, बृज किशोरी दुबे मेमोरियल स्कूल 95 फीसदी
आंचल, बृज किशोरी दुबे मेमोरियल स्कूल 95 फीसदी
साक्षी द्विवेदी कामद शाइनिंग स्टार्स एकेडमी 94 फीसदी


आदित्य मिश्रा 92 फीसदी, कामद शाइनिंग स्टार्स एकेडमी
स्नेहा कुमारी कामद शाइनिंग स्टार्स एकेडमी 88 फीसदी
सत्यम सिंह 94.75% स्वीट एंजेल इंटरनेशनल स्कूल
खुशी उत्तम 93% एसजे एजुकेशन सेंटर


साक्षी गुप्ता 94 फीसदी एक्मे पब्लिक स्कूल
आयुष कटियार 94.25 फीसदी एक्मे पब्लिक स्कूल
वानी मोहनानी 97.5%, चिंटल्स स्कूल
राशी अरोड़ा 97.25% चिंटल्स स्कूल


इशप्रीत सिंह 97.25% चिंटल्स स्कूल
रोजी लखमनी 97 फीसदी चिंटल्स स्कूल
प्रशष्ठि झा 97 फीसदी चिंटल्स स्कूल
जयंत भोला 96.75% चिंटल्स स्कूल


शाश्वत पांडेय 96.5% चिंटल्स स्कूल
पायल इशरानी 96.5% चिंटल्स स्कूल
मान्या शर्मा 96.25% चिंटल्स स्कूल
निखिल वाधवानी 96% चिंटल्स स्कूल


इशिता स्वराज इंडिया पब्लिक स्कूल 98.6 फीसदी
सेठ आनंदराम जयपुरिया आकर्ष ओमर 98.25 फीसदी
सेठ आनंदराम जयपुरिया अदिती पारिख 97.5 फीसदी
सेठ आनंदराम जयपुरिया इशिता गुप्ता 97.50 फीसदी


सेठ आनंदराम जयपुरिया उज्ज्वल रस्तोगी 96.50 फीसदी
सेठ आनंदराम जयपुरिया विश्वम तिवारी 96.25 फीसदी
सनशाइन पब्लिक स्कूल छात्र सागर 96 फीसदी
सनशाइन पब्लिक स्कूल छात्रा आफरीन नाज 95 फीसदी


एक्मे स्कूल में मेधावियों को माला पहनाई गई। अमृत विचार

### शत प्रतिशत रहा एक्मे का परीक्षा परिणाम

**कानपुर।** जरौली फेस टू स्थित एक्मे पब्लिक स्कूल का आईसीएसई व आईएससी परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में वैष्णवी यादव ने 97 प्रतिशत, वैष्णवी केसरी ने 97, योगेश यादव ने 95, वैभव तिवारी ने 93, मुस्कान गुप्ता ने 93.2, निकिता सचान व एकांश त्रिपाठी ने 92.2, अक्षय प्रताप सिंह ने 92, रिचा सिंह ने 91.2, अलंकृत द्विवेदी ने 91, अविका बाथम व नैंसी यादव ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं इंटरमीडिएट के आयुष कटियार ने 94.25, साक्षी गुप्ता ने 94, अभय त्रिवेदी ने 93.25, अंकुर सिंह गौतम ने 93 प्रतिशत अंक हासिल किए। विद्यालय की डायरेक्टर रंजना मिश्रा, प्रधानाचार्य प्रतिभा अवस्थी ने सभी मेधावियों को बधाई दी।


केडीएमए स्कूल में जश्न का माहौल रहा। अमृत विचार

### रिजल्ट देख खुशी से झूमे केडीएमए के मेधावी

**कानपुर।** सोमवार को सीआईएससीई बोर्ड का परिणाम करमदेवी मेमोरियल एकेडमी वर्ल्ड स्कूल के छात्र-छात्राओं के लिए खुशियां लेकर आया। विद्यालय के छात्र वंश गौतम, सारांश रस्तोगी, स्तुति अग्निहोत्री, पूर्वित वर्मा, अर्चिशा कुशवाहा, कुशाग्र बाजपेई, अर्श अहमद, सिमर सिंह व आकृति गंगवार ने उच्चतम अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्या सुप्रिया राजा ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। कर्म, ज्ञान, अनुशासन के सिद्धांतों का पालन कर मेधावियों ने भविष्य के विद्यार्थियों के समक्ष एक अमिट मिसाल पेश की है। इस दौरान मेधावी दिल खोलकर झूमें।

### मेधावियों ने लहराया परचम

**कानपुर।** साकेत नगर स्थित डॉक्टर बृज किशोरी दुबे मेमोरियल स्कूल के मेधावियों ने आईसीएसई व आईएससी बोर्ड परीक्षा में परचम लहराया। हाईस्कूल के छात्र रौनक पाठक ने 97.4 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं रक्षिता सिंह ने 96.6, अंशिमा श्रीवास्तव ने 96.4, श्लोक सिंह ने 96 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं इंटरमीडिएट की छात्रा जयंती व आंचल श्रीवास्तव ने 95 प्रतिशत अंक लाकर गौरव बढ़ाया। साथ ही अंशिका तिवारी ने 94.2 कार्तिक गुप्ता ने 93.5, सौम्या गुप्ता व कनिष्का सिंह ने 93 प्रतिशत अंक हासिल किए। प्रबंधक बृजेश दुबे व प्रधानाचार्य अर्चना श्रीवास्तव ने मेधावियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।


बीकेडी मेमोरियल स्कूल में छात्रों के साथ शिक्षिकाएं। अमृत विचार



एसजे एजुकेशन सेंटर का रिजल्ट भी अच्छा रहा। अमृत विचार

### परिणाम देख छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे

**कानपुर।** आईसीएसई व आईएससी परीक्षा परिणाम घोषित होते ही आवास विकास हंसपुरम स्थित एसजे एजुकेशन सेंटर के छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। प्रधानाचार्य देवेश अवस्थी ने बताया कि इस वर्ष का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में वैभवी चौहान ने 98, शिखर दीक्षित ने 96, जीत शर्मा ने 95 व शुभ गुप्ता ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं इंटर में खुशी उत्तम ने 93, अदिति चौहान ने 92, समीक्षा गुप्ता ने 92, हिमांशु ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए उन्हें बधाई दी। अनिल कटियार, देवेश बाजपेई, अमित शुक्ला, सोहेल मलिक, अभिषेक श्रीवास्तव, रजत अग्रवाल मौजूद रहे।


सेंट मैरी कॉन्वेंट में मिठाई खिलाकर जश्न मनाती छात्राएं। अमृत विचार


सेठ आनंदराम जयपुरिया के बच्चों ने जताई खुशी। अमृत विचार


चिंटल्स स्कूल के मेधावियों ने हिप-हिप हुर्रे किया। अमृत विचार

# कृष्टी आईसीएसई और जाह्नवी आईएससी टॉपर

## काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन का रिजल्ट जारी, मेधावियों ने मेहनत का मीठा फल पाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) की ओर से सोमवार को जारी परीक्षा परिणामों में आईसीएसई (10वीं) में छात्रा कृष्टी गुप्ता ने शहर में टॉप किया है। मदर टेरेसा हायर सेकेंडरी स्कूल केशव नगर की छात्रा कृष्टी गुप्ता ने 99.6 फीसदी अंक हासिल किए हैं। दूसरे स्थान पर तीन मेधावियों ने संयुक्त रूप से अपनी जगह बनाई है। वहीं आईएससी (बारहवीं) में मैथाडिस्ट की जाह्नवी सिंह 99.75 प्रतिशत अंकों के साथ सिटी टॉपर रहीं। जाह्नवी के अंग्रेजी विषय में 99, गणित में 97, कैमेस्ट्री में 100, फिजिक्स में 100 व कंप्यूटर साइंस में 100 अंक आए हैं।

शीलिंग हाउस, डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर, जयपुरिया कैंट, डॉ. वीरेंद्र स्वरुप कैंट समेत कई स्कूल के छात्रों ने मेधावियों की लिस्ट में स्थान पाया है। 10वीं में मदर टेरेसा हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा कृष्टी गुप्ता 99.6 फीसदी अंक पाकर अव्वल रहीं। द चिंटल्स रतनलाल नगर स्कूल की छात्रा अनुष्का गुप्ता 99.4 फीसदी अंक पाकर दूसरे स्थान पर रहीं। इसी तरह शीलिंग हाउस के छात्र ओजस्वित पसरीचा ने 99.4 फीसदी अंक पाकर दूसरे व डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर किदवई नगर के छात्रा आयुषी बघेल ने भी 99,4 फीसदी अंकों के साथ शहर में दूसरा स्थान हासिल किया है। मदर टेरेसा मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र श्रेयांश ने 99.4 फीसदी अंक हासिल किए। सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल की छात्रा रिदा टंडन ने 99.2 फीसदी अंक हासिल कर मेधावियों की सूची में अपना नाम दर्ज किया। शीलिंग हाउस स्कूल के विहान अरोड़ा ने 99 फीसदी अंक हासिल किए। 99 फीसदी अंकों के साथ ही सेठ आनंद राम जयपुरिया स्कूल के छात्र सार्थक सिंह ने मेधावियों की सूची अपना नाम दर्ज कराया। उनके अलावा इसी स्कूल के शेख हसन ने भी 99 फीसदी अंक हासिल किए। डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंट किदवई नगर के छात्र ने भी 99 फीसदी अंक हासिल किए। इसी स्कूल के कार्तिकेय वर्मा ने भी 99 फीसदी अंक पाए। क्रिश तायल ने भी 99 फीसदी अंक हासिल किए। इसी स्कूल के मनन बाजपेई ने 99 फीसदी अंक हासिल किए। चिंटल्स स्कूल की यशी सचान ने भी 99 फीसदी अंकों के साथ मेधावियों की सूची में अपना नाम दर्ज कराया।

### इंजीनियर बनना चाहती हैं जाह्नवी



**कानपुर।** आईएससी 'बारहवी' में रेल बाजार निवासी जाह्नवी सिंह ने 99 .75 फीसदी अंक हासिल कर शहर में पहला स्थान हासिल किया है। कैंट स्थित मैथाडिस्ट हाईस्कूल की छात्रा जाह्नवी ने बताया कि उसका सपना एक इंजीनियर बनने का है। इसके लिए उसने तैयारी भी शुरू कर दी है। जाह्नवी आईआईटी से बीटेक करना चाहती है। छात्रा के जेईई मेंस में 96 .05 परसेंटाइल आए है। अब यह एडवांस्ड की तैयारी कर रही है। जाह्नवी ने बताया कि परीक्षा के लिए खुद के नोट्स बनाना जरूरी है। पढ़ाई के लिए किसी दूसरे के नोट्स पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। छात्रा के पिता नवीन कुमार सिंह एडवोकेट और मां पल्लवी सिंह गृहणी है। छात्रा ने अपनी सफलता के लिए अपने अभिभावकों को श्रेय दिया है। बताया कि उसके आईसीएसई (10वीं) में 99 .2 परसेंट अंक आए थे।

### कृष्टी का सपना इंजीनियर बनना



मदर टेरेसा हायर सेकेंडरी स्कूल केशव नगर की कृष्टी गुप्ता ने हाईस्कूल में 99 .6 फीसदी अंकों के साथ शहर में पहला स्थान हासिल किया है। छात्रा ने बताया कि उसका सपना इंजीनियर बनकर अपना करियर बनाना है। छात्रा ने बताया कि बेहतर अंक के लिए उसने अपने नोट्स खुद तैयार किए थे। उनकी मां आरती गुप्ता गृहणी व पिता पवन कुमार गुप्ता एक कारोबारी हैं। उनकी पढ़ाई में मां का सबसे अधिक योगदान है। वे भी अपने स्कूल में टॉपर रहीं थी।

### मेधावियों का अच्छा प्रदर्शन

बारहवीं में द चिंटल्स स्कूल की छात्रा प्रतिष्ठा ने 99 फीसदी अंक हासिल किया। इसी स्कूल की छात्रा वैष्णवी सिंह ने 98 .75 फीसदी अंक हासिल किए। डॉ. वीरेंद्र स्वरुप अवधपुरी के छात्र आकाश कटियान ने 98 फीसदी अंक हासिल किए। द चिंटल्स स्कूल के छात्ररा संचय सचदेवा ने 98 फीसदी अंकों के साथ मेधावियों में अपना नाम जोड़ा। इसके अलावा शीलिंग हाउस के की मेधावी रुजुल गुप्ता ने 97 .5 फीसदी अंकों के साथ मेधावियों की लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराया। द चिंटल्स स्कूल रतनलाल नगर की छात्रा ने वानी मेहनानी ने 97 .5 फीसदी अंक हासिल किए। शीलिंग हाउस की छात्रा नव्या श्रीवास्तव ने 97 .25 फीसदी अंक हासिल किए। डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर किदवई नगर की छात्रा इशिता गंगवार ने 97 .25 फीसदी अंकों के साथ शहर की टॉपर लिस्ट में अपना नाम दर्ज किया।

# चिंटल्स के मेधावियों ने फहराया परचम

- आईएससी और आईसीएसई का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा,
- ढोल नगाड़ों की थाप पर नाचे मेधावी, मिठाई खाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईएससी व आईसीएसई बोर्ड परीक्षाओं में रतनलाल नगर स्थित द चिंटल्स स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी।

इंटर की परीक्षा में इस स्कूल की छात्रा प्रतिष्ठा सचान ने 99 प्रतिशत अंकों के साथ बेहतर स्थान प्राप्त किया। वहीं 98.75 प्रतिशत अंक हासिल कर वैष्णवी सिंह ने भी नाम रोशन किया। हाईस्कूल की परीक्षा में चिंटल्स स्कूल की अनुष्का गुप्ता ने 99.4 प्रतिशत व यशी सचान व नमनप्रीत सिंह ने 98.8 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया।

रिजल्ट निकलने के बाद मेधावी स्कूल पहुंचे और ढोल नगाड़ों की थाप पर जमकर झूमे। स्कूल प्रबंधक ने सभी मेधावियों को फूल माला पहना कर उनका मुंह मीठा कराया।

### रिदा और आकर्ष रहे स्कूल में अव्वल

**कानपुर।** सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल आईसीएसई के परीक्षा परिणामों में 183 छात्र परीक्षा में शामिल हुए और 91 छात्रों ने 90 फीसदी और उससे अधिक का लक्ष्य हासिल किया। 43 छात्रों ने विभिन्न विषयों में 100 फीसदी अंक हासिल किए। स्कूल की शीर्ष स्कोरर रिदा टंडन ने 99 .20 फीसदी अंक हासिल किए। इसी तरह आईएससी में 144 छात्रों के एक बैच में से 51 छात्रों ने 90 फीसदी और उससे अधिक का लक्ष्य हासिल किया। 11 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 फीसदी अंक प्राप्त किए। स्कूल के शीर्ष स्कोरर आकर्ष ओमर ने 98 .25 फीसदी अंक हासिल किए।


सेंट थामस के स्टूडेंट्स ने विक्ट्री निशान दिखाया। अमृत विचार

# सेंट थॉमस स्कूल का शत-प्रतिशत परिणाम

**कानपुर।** सीआईएससीई बोर्ड के परिणाम में किदवई नगर स्थित सेंट थॉमस स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा।आईएससी बोर्ड में श्रेष्ठ गुप्ता ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ में अक्षिता गुप्ता ने 95 व देव शुक्ला ने 94.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं कामर्स में वंशिका पाल ने 93.5 अंक लाकर बाजी मारी व अर्चिता बाजपेई 92.25 व रौनक रिजवान 91.75 प्रतिशत अंक हासिल किए। आईसीएससी में प्रखर गुप्ता ने 98.4 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉप किया। ऐंद्री चतुर्वेदी व आदित्य श्रीवास्तव 97.8 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे।


माता पिता के साथ अनुष्का गुप्ता। अमृत विचार

# टॉपर बनना है तो लाइक कमेंट-शेयर से रहें दूर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चिंटल्स स्कूल की अनुष्का गुप्ता ने आईसीएसई बोर्ड परीक्षा (दसवीं) में हाईस्कूल में 99.4 प्रतिशत अंक हासिल कर सिटी की सेंकेड टॉपर का खिताब अपने नाम किया। अनुष्का ने अंग्रेजी में 99, हिंदी में 99, मैथ में 99, साइंस में 100 व कंप्यूटर में 100 में 100 अंक हासिल किए। अनुष्का का सपना चार्टेड एकाउंटेंट बनने का है। अनुष्का ने बताया कि वह प्रतिदिन में महज चार से पांच घंटे पढ़ाई करती थीं।

उनके भाई प्रखर ने वर्ष 2019 में 99.4 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप किया था, जिसके बाद उन्होंने भी टॉप करने की ठानी। अनुष्का के पिता अनुज गुप्ता व्यापारी हैं, मां अंजलि गृहणी हैं। परीक्षा में अच्छे अंक हासिल करने का मूलमंत्र देते कहा कि यूथ अधिकांश समय सोशल मीडिया पर व्यर्थ कर रहा है। सोशल मीडिया को मनोरंजन न बनाकर उसे उपयोगी काम में लाया जाना चाहिए। अनुष्का सोशल मीडिया प्लेटफार्म से दूर हैं, कहा कि फेसबुक, इंस्टाग्राम पर लाइक, कमेंट व शेयर के चक्करों से दूर रहीं और पूरा फोकस पढ़ाई पर ही दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना फेवरेट लीडर बताते हुए कहा कि उन्होंने कई मुद्दों पर कठिन निर्णय लिए जो उन्हें सबसे अलग बनाता है।

## मेधावी बोले

### डॉक्टर बन जरूरतमंदों की करेंगी सेवा



**कानपुर।** बर्रा दो निवासी आरपीएफ में हेड कांस्टेबल अनिल कुमार सिंह की बेटी वैष्णवी सिंह ने रतनलाल नगर स्थित चिंटल्स स्कूल में इंटर की परीक्षा में अंग्रेजी में 99, हिंदी में 99, फिजिक्स में 96, केमिस्ट्री में 96 व बायोलॉजी में 97 अंक प्राप्त कर 98 .75 प्रतिशत अंक हासिल कर शहर का नाम रोशन किया। वैष्णवी की मां सीता गृहणी हैं। बड़ा भाई अभिषेक दिल्ली में यूपीएससी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। वैष्णवी ने बताया कि भाई अभिषेक ने भी इसी विद्यालय से 2016 में टॉप किया था। वैष्णवी ने बताया कि स्कूल में टीचर हर समस्या का निदान कराते हैं, रोजाना चार से पांच घंटे सेल्फ स्टडी के बिना अच्छे अंक हासिल नहीं किए जा सकते। उनका सपना डॉक्टर बनने का है, उन्होंने नीट की परीक्षा दी है। बताया कि कोरोना महामारी के दौरान लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ा, उस समय डॉक्टरों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। तभी से मैंने डॉक्टर बनने की ठानी थी।

### आईएएस बनकर करनी है देश की सेवा



**कानपुर।** आईएससी (इंटर) बोर्ड परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक हासिल कर चिंटल्स स्कूल की छात्रा प्रतिष्ठा सचान ने नाम रोशन किया। जरौली फेस वन, वैष्णवी विहार में रहने वाली प्रतिष्ठा के पिता क्रांति कुमार व मां मनीषा फतेहपुर जनपद के अमौली ब्लॉक में जूनियर हाईस्कूल में अध्यापक के रूप में कार्यरत हैं। प्रतिष्ठा ने केमिस्ट्री में 97, अंग्रेजी में 100, हिंदी में 99, फिजिकल एजूकेशन में 99 व बायोलॉजी में 98 अंक हासिल किए। प्रतिष्ठा ने बताया कि वह अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता के साथ स्कूल के शिक्षकों को देती हैं। उनके माता पिता भी शिक्षक हैं, जिन्होंने उनकी पढ़ाई में काफी योगदान दिया। माता पिता ने उन पर कभी पढ़ाई का दबाव नहीं बनाया। उनका कहना है कि वह कक्षा छह से ही आईएएस बनने का लक्ष्य लेकर चल रही हैं।

### कोचिंग छोड़ सेल्फ स्टडी पर करें भरोसा



**कानपुर।** किदवई नगर स्थित वीरेंद्र स्वरूप एजूकेशन सेंटर में पढ़ने वाली आयुषी बघेल ने आईसीएसई बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में 99 .4 फीसदी अंक हासिल कर परचम फहराया है। आयुषी के पिता संतोष कुमार बघेल सिविल इंजीनियर हैं। मां अनीता बघेल गृहणी हैं। घर एक छोटी बहन आग्रिका भी है। आयुषी ने इंग्लिश में 98, साइंस 100, मैथ में 98, कंप्यूटर में 100, सोशल साइंस में 100 और हिंदी में भी 100 अंक हासिल किए हैं। आयुषी ने बताया पेपर की तिथि निर्धारित होने के बाद से पढ़ाई का समय बढ़ा दिया था। परीक्षा के दौरान वह आठ घंटे नियमित पढ़ाई करती थीं। वहीं पूरे साल चार से पांच घंटे पढ़ाई की। आयुषी ने बताया कि उन्होंने कोई कोचिंग नहीं ली, स्कूल के बाद सेल्फ स्टडी से ही सफलता हासिल की। कहा कि स्कूल में शिक्षक विषयों के बारे में पर्याप्त जानकारी देते हैं, अगर उनका रोजाना समय पर रिवीजन किया जाए तो कोचिंग की कोई आवश्यकता नहीं होती है।

### अर्थशास्त्र में शोध करना चाहते हैं ओजस्वित



शीलिंग हाउस स्कल के छात्र ओजस्वित पसरीचा ने 99 .4 अंक हासिल कर दसवीं में शहर में संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया है। आजाद नगर निवासी ओजस्वित ने बताया कि उनके पिता रजनीश पसरीचा एक कारोबारी व उनकी मां स्मिता पसरीचा एक शिक्षिका है। छात्र ने बताया कि वे आगे चलकर अर्थशास्त्र में शोध कार्य करना चाहता है। इसके बाद वे उसका खुद का स्टार्टअप शुरू करने का भी सपना है। छात्र ने यह भी बताया कि परीक्षा से कुछ दिन पहले उसने सोशल मीडिया से दूरी बना ली थी। छात्र ने कहा कि सोशल मीडिया बुरा नहीं है। सोशल मीडिया का बेहतर उपयोग करना चाहिए।




आज का मौसम
धूप के साथ बदली भी रहेगी, गर्म हवा चलेगी।

| 41.2° | 23.4 |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 27 | सूर्यास्त 06 : 44 |

# आखिरी दिन होगी योगी की सभा आज अक्षरा बिखेरेंगी जलवा

## प्रचार के अंतिम दिन शहर आएंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी आदित्यनाथ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर





**अमृत विचार।** पीएम मोदी के मेगा रोड शो के बाद अब सीएम योगी आदित्यनाथ कानपुर नगर और अकबरपुर लोकसभा सीट पर अलग-अलग जनसभा करेंगे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी वोट मांगने शहर आयेंगे। कार्यक्रम तय हो गये हैं। वहीं भोजपुरी लोक गायिका अक्षरा सिंह मंगलवार को गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र में रोड शो करेंगी। यह रोड शो शास्त्री नगर काली मठिया से शुरू होगा।

अकबरपुर लोकसभा की घाटमपुर विधानसभा में आठ मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभा करेंगे। कानपुर लोकसभा में छावनी विधानसभा के अंतर्गत 10 मई को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चुनाव प्रचार करने आयेंगे। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन 11 मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानपुर लोकसभा अंतर्गत आर्यनगर में जनसभा को संबोधित करेंगे। क्षेत्र के मीडिया सेंटर इंचार्ज अनूप अवस्थी ने बताया कि जनसभाओं की अलग-अलग जिम्मेदारी क्षेत्रीय मंत्री सुनील तिवारी, देवेंद्र देव गुप्ता, पवन प्रताप सिंह, अनिल यादव, रामकिशोर साहू एवं राजेश भदौरिया को दी गई है।

**तिर्वा में अमित शाह तो बिंदकी में रहेंगे जेपी नड्डाः** अनूप अवस्थी ने बताया कि 8 मई को कन्नौज की तिर्वा विधानसभा में गृहमंत्री अमित शाह जनसभा करेंगे। कन्नौज लोकसभा के रसूलाबाद विधानसभा में 9 मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और इसी दिन फतेहपुर की बिंदकी और बांदा लोकसभा की मानिकपुर विधानसभा में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जनसभा करेंगे।



घाटमपुर में निरीक्षण करते करते अधिकारी। अमृत विचार

### कल पतारा में जनसभा करेंगे मुख्यमंत्री योगी

घाटमपुर। घाटमपुर के पतारा कस्बा में आठ मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचकर एक जनसभा को संबोधित करेंगे। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था के साथ हैलीपैड सहित अन्य व्यवस्थाएं की समीक्षा की। जनसभा के लिए स्टेशन रोड के बगल का मैदान चयनित किया गया है।

### मसवानपुर सराय तक अक्षरा मांगेंगी वोट

- भाजपा गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र मैथानी ने बताया कि भोजपुरी लोक गायिका अक्षरा सिंह 7 मई को कानपुर में गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो करेंगी। अक्षरा सिंह का रोड शो शाम 5 बजे काली मठिया से शुरू होकर गल्ला मंडी, चंदेल चौराहा, विजय नगर, डबल पुलिया, गोपाला चौराहा, छठ पूजा स्थल, नमक फैक्ट्री चौराहा काकादेव होता हुआ एकता चौराहा, रावतपुर बाजार, राम लला मंदिर, पाथा माई मंदिर से होते हुए रात 10 बजे मसवानपुर सराय पर समाप्त होगा। मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने अक्षरा सिंह के आने की पुष्टि की।

## एक नजर

### गुमटी में युवती का हंगामा पुलिस से की अभद्रता

**कानपुर।** नजीराबाद थानाक्षेत्र के गुमटी बाजार में सोमवार देर शाम एक युवती ने बीच सड़क पर जमकर हंगामा काटा। इस दौरान वहां से गुजर रहे लोगों के वाहन को रोक लिया और उनसे मुंहाचाही की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे समझाने की काफी कोशिश की लेकिन उसने धक्कामुक्की करते हुए अभद्रता कर दी। इसी के साथ साथ गुरु गोविंद सिंह चौक पर युवती अर्द्धनग्न हो गई और लोगों को चिल्लाती रही। पुलिस का कहना था कि वह किसी बात से काफी परेशान थी। नशे में लग रही थी। एक घंटे बाद समझाकर उसे नौबस्ता बाल सुधार गृह भिजवा दिया।

### युवक को मारपीटा, रिपोर्ट

**कानपुर।** रेलबाजार थाने पहुंचकर एक युवक ने आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश में आरोपियों ने गालीगलौज कर मारापीटा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।







# रथ निकाल गठबंधन के लिए वोट मांग रहे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इंडिया गठबंधन से कानपुर नगर लोकसभा सीट प्रत्याशी आलोक मिश्रा को व्यापारी वर्ग का समर्थन मिल रहा है। सोमवार को व्यापारी रथ गोविंद नगर, परमपुरवा व चावला मार्केट समेत आदि क्षेत्रों में घुमा। रथ में सवार वरिष्ठ व्यापारी नेता पवन गुप्ता, महेश मेघानी व अभिमन्यु गुप्ता समेत अन्य नेताओं ने व्यापारियों और लोगों से इंडिया गठबंधन की सरकार बनवाने और गठबंधन प्रत्याशी आलोक मिश्रा को जितवाने की अपील की। इसके साथ ही बाजारों में व्यापारियों को शत प्रतिशत मतदान की शपथ भी दिलवाई। व्यापारी नेता पवन गुप्ता ने बताया कि बाजारों में व्यापारी रथ को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। महेश मेघानी ने कहा कि व्यापारी समाज बेहद परेशान है। अभिमन्यु गुप्ता ने कहा कि व्यापारी समाज कानपुर में निर्णायक भूमिका अदा करेगा और गठबंधन को जितवाएगा। व्यापारी रथ के माध्यम से गठबंधन प्रत्याशी आलोक मिश्रा के 21 वादे भी दर्शाए गए हैं। व्यापारी नेताओं का मानना है कि भाजपा सरकार में व्यापारी बहुत परेशान है। ऐसे में वह गठबंधन की तरफ आकर्षित हो रहे है। बताया कि भाजपा सरकार में व्यापारियों का उत्पीड़न, जीएसटी के कारण ठप्प व्यापार, बढ़ते अपराध और महंगाई के मुद्दे बताकर गठबंधन के प्रत्याशी के लिए वह वोट मांग रहे हैं। इस दौरान राजेंद्र मिश्रा बब्बू, अजय तिवारी, प्रदीप तिवारी, आशुतोष शुक्ला, शमी, चंद्रशेखर आदि व्यापारी शामिल रहे हैं।

# नहीं लीक होंगे पेपर : आलोक

विशेष संवाददाता, कानपुर



आलोक मिश्रा का स्वागत किया गया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इंडिया गठबंधन के प्रमुख दल कांग्रेस से प्रत्याशी आलोक मिश्रा ने सोमवार को सबसे पहले मंदिर में दर्शन किया। उसके बाद मसवानपुर, गौसिया कंपाउड व पुरानी मस्जिद से सैय्यद नगर तक जनंसपर्क किया। कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा धर्म के नाम पर राजनीति करती है। लकड़मंडी कर्नलगंज, मोहम्मद बिरियानी से छिपीयाना होते हुए सफी होटल चौराहा व कंघी मोहाल गुलाब घोसी मस्जिद तक पैदल यात्रा की। इसके अलावा गोविंद नगर, बेनाझाबर न्यू कॉलोनी, डॉ. आंबेडकर नगर पार्क ईदगाह, गुजैनी सब्जी मंडी, कच्ची बस्ती, भूसा टोली, मकबरा चौराहा, सूटरगंज व ग्वालटोली समेत आदि क्षेत्रों में जनसभा व संपर्क किया। केंद्रीय कार्यालय में छात्र नेताओं व युवाओं की बैठक की। उन्होंने युवाओं से शिक्षा, बेरोजगारी समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर सभी समस्याओं का निराकरण होने का अश्वासन दिया। आलोक मिश्रा ने कहा कि अच्छे दिन तो नहीं आए, लेकिन इंडिया गठबंधन की सरकार आने पर खुशियों के दिन जरूर आएंगे। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देकर खुशहाल किया जाएगा। भाजपा सरकार की तरह पेपर लीक नहीं होगा, बल्कि युवाओं को रोजगार मिलेगा। भाजपा ने सभी सरकारी संस्थान बेच दिए है। इस दौरान कांग्रेस सपा विधायक अमिताभ बाजपेई, पूर्व मेयर प्रत्याशी वंदना बाजपेई, जिलाध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, सपा नगर सचिव मो.नफीस, राम शंकर राय, पूर्व पार्षद रमेश कुरील, पीसीसी सदस्य अनूप श्रीवास्तव, पार्षद मो.अमीम, पिछड़ा प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीकांत पाल, प्रतिभा अटल पाल, डॉ.निसार अहमद, रवि तिवारी, पूर्व पार्षद मुकेश चौधरी, राहुल सचान, वार्ड अध्यक्ष अर्मापुर आसिफ अली, तन्मय राय, अजय सिंह, हर प्रकाश अग्निहोत्री समेत आदि रहे।

# राजाराम पाल के लिए आज गरजेंगे अखिलेश

- सपा के नए प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की पहली चुनावी सभा
- आज रमईपुर में होगी चुनावी सभा

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र के विपक्षी गठबंधन के प्रत्याशी राजाराम पाल के समर्थन में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के साथ रमईपुर में मंगलवार को चुनावी सभा करेंगे। रमईपुर क्षेत्र बिठूर, घाटमपुर (सु) और महराजपुर विधानसभा क्षेत्र की सीमा को छूता है। जहां से भाजपा के अभिजीत सिंह सांगा, सरोज कुरील (अपनादल) और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना विधायक हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में महाना ने करीब 80 हजार से यह सीट जीती थी। सपा प्रत्याशी को भी 70 हजार वोट मिला था। अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र में पिछड़ा वोट करीब सात लाख बताया जाता है जबकि दलित और अल्पसंख्यक भी काफी संख्या में है। अखिलेश को लगता है कि उनका पीडीए फार्मूला अकबरपुर में फिट बैठेगा। यहां पर पिछड़ों में पाल वोट भी लगभग सवा लाख बताया जाता है। मथुरा प्रसाद पाल और राजाराम पाल यहां से प्रभावशाली नेता रहे हैं।

2019 के चुनाव में पौने तीन लाख से जीत दर्ज करने वाले भोले हैट्रिक की कोशिश में हैं। दूसरे नंबर पर बहुजन समाज पार्टी की निशा सचान थीं जबकि राजाराम पाल तब कांग्रेस के टिकट से मैदान में थे और एक लाख से ज्यादा वोट प्राप्त कर पाए थे। बसपा ने यहां से ब्राह्मण चेहरा लड़ाकर न केवल गठबंधन प्रत्याशी को मुश्किल में डाला है बल्कि भाजपा की राह में भी कांटे बिछा दिए हैं। कानपुर ग्रामीण अध्यक्ष पूर्व विधायक मुनींद्र शुक्ला के अनुसार अखिलेश यादव घाटमपुर स्थित पावर प्लांट चालू नहीं हो पाने, सिंचाई व किसानों को एमएसपी की गारंटी के साथ उठा सकते हैं। मुनींद्र कहते हैं कि भोले दो बार सांसद चुने गए थे लेकिन समस्याएं जस की तस हैं।

### आज हमीरपुर हाईवे पर रहेगा डायवर्जन

**कानपुर।** रमईपुर में पूर्व सीएम अखिलेश यादव की जनसभा व रैली होने के कारण मंगलवार को घाटमपुर की ओर से कोई भी वाहन नौबस्ता की ओर नहीं आएंगे। डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह ने बताया कि घाटमपुर से नौबस्ता की ओर आने वाले वाहन चौडगरा, मूसानगर से होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे। नौबस्ता से घाटमपुर की ओर कोई वाहन नहीं जाएगा। नौबस्ता से घाटमपुर की ओर जाने वाले वाहन रामादेवी से सचेंडी, भोगनीपुर, मूसानगर से घाटमपुर की ओर जाएंगे। यह डायवर्जन मंगलवार सुबह छह बजे से दोपहर तीन बजे तक लागू रहेगा।

# सपा के खिलाफ मौन धरने पर जिलाध्यक्ष



प्रदर्शन करते भाजपा नेता व कार्यकर्ता। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, काननपुर

- जरीब चौकी में प्रताप की प्रतिमा के पास किया प्रदर्शन
- प्रताप की प्रतिमा का अपमान करने का आरोप

**अमृत विचार।** भाजपा कानपुर उत्तर के जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने सोमवार को महाराणा प्रताप प्रतिमा जरीब चौकी पर मौन एवं सांकेतिक धरना किया। महाराणा प्रताप का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, के बैनर लिए भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सपा के खिलाफ गुस्सा जताया।

दीपू पांडेय ने धरने के बाद कहा कि महाराणा प्रताप की प्रतिमा के साथ सपा के कार्यकर्ताओं द्वारा जो अशोभनीय कृत्य एवं अपमानित एवं अभद्र भाषा का प्रयोग किया जो की अत्यंत निंदनीय है। जिन्होंने अपनी सरकार में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर मेडिकल कॉलेज को नाम पट्टिका को तोड़कर उसके साथ अभद्र एवं निंदनीय बर्ताव किया था।

ऐसे लोगों को जनता कभी माफ नहीं करेगी। इस दौरान पूर्व विधायक राकेश सोनकर, अवधेश सोनकर, संतोष शुक्ला, मीडिया प्रभारी अंकित बाजपेई, अनुराग शर्मा, जन्मेजय सिंह, पारस मदान, आनंद मिश्रा, पार्षद विवेक शर्मा, अंकित मिश्रा, मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु सक्सेना, गौरव पांडे, मोहित सिंह आदि रहे।



देवेंद्र सिंह भोले के साथ अभिजीत सिंह सांगा का स्वागत हुआ। अमृत विचार

### कार्यकर्ता घर-घर जाकर संपर्क करें- भोले

- **कानपुर।** अकबरपुर लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले ने बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा के साथ भीतर गांव के वीरन खेड़ा, बरईगढ़, हाजीपुर, कदीम, अकबरपुर बरई, गोपालपुर नर्वल, बिरहर, बेहटा बुजुर्ग, बारी गांव, बिरसिंहपुर, कोरथा में व्यापक जनसंपर्क किया। प्रत्याशी भोले ने महाराजपुर विधानसभा में बिनगवां के एक गेस्ट हाउस में समर्थकों के साथ बैठक कर भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने व कराने की बात कही। भोले ने समर्थकों से कहा आप लोग ज्यादा से ज्यादा मतदान भाजपा के पक्ष में हो इसके लिए घर-घर जाकर संपर्क करें। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गणेश यादव, रूप नारायण त्रिपाठी, अशोक सचान, शैलेंद्र त्रिपाठी, डॉक्टर यू एस सिंह, संतोष कश्यप, कमलेश पांडे, धीरेंद्र सिंह, हेमंत त्रिपाठी, सहित तमाम लोग साथ रहे। वहीं, भोले की बहू मान्या सिंह भोले और बेटी कामना सिंह भोले ने महिला कार्यकर्ताओं के साथ कल्याणपुर खुर्द, गौतम विहार, नई शिवली रोड, मिर्जापुर में भाजपा प्रत्याशी भोले के लिए वोट मांगे। कार्यक्रम में सुरभी भोले, प्रीती सेंगर, जनक सिंह, जया श्रीवास्तव, अभिषेक सिंह चौहान, नीलम तिवारी साथ रहे।



जनसंपर्क पर निकले राजाराम पाल। अमृत विचार

### संविधान को बचाने का मौकाः राजाराम पाल

- **कानपुर।** अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रमुख दल सपा प्रत्याशी राजाराम पाल ने सोमवार को बिठूर व घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र के न्योरी, मगरासा, सगुनिया पुरवा, रमईपुर, सेनिया, क्योटरा, मिर्जापुर, मंझावन आदि गांवों में जनसंपर्क किया। उन्होंने इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर क्षेत्र का विकास कार्य होने, रोजगार मिलने, संविधान सुरक्षित हाथों में होने आदि की जानकारी दी। राजाराम पाल ने कहाकि यह लोकसभा का चुनाव देश के लोकतंत्र व संविधान को बचाने का अंतिम अवसर है। भाजपा का 400 पार का नारा संविधान बदलने व आरक्षण को खत्म करने के लिए है। इसलिए इस चुनाव में सभी वर्ग व धर्म के लोगों को एकजुट होकर इंडिया गठबंधन के लिए वोट करना है। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय, मुनीन्द्र शुक्ला, सियाराम पाल, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष बीएन पाल, सतीश निगम, राजीव द्विवेदी, नरेंद्र चंचल कुशवाहा, चंद्रशेखर यादव, उपेंद्र पाण्डेय, शैलू सोनकर, दिनेश पासवान आदि लोग रहे।

# पीडीए माने परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी

कार्यालय संवाददाता, काननपुर




प्रेस वार्ता में प्रकाश पाल, अनूप अवस्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चिल्ला-चिल्लाकर पीडीए की बात करने वाले अखिलेश यादव बताएं कि उनकी पार्टी में डिंपल यादव को छोड़कर कितने सांसद पिछड़ी जाति के हैं। इनके पीडीए का मतलब असल में परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी है।इनकी पार्टी सिर्फ अपने परिवार का विकास करती है जबकि भाजपा देश के हर परिवार की सोचती है। यह बात सोमवार को बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने भाजपा मीडिया सेंटर फजलगंज में एक प्रेस वार्ता कर कही।

उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद से ही लगातार कांग्रेस में संविधान के नियमों की धज्जियां उड़ाने का काम किया है। यहां तक की मीडिया के भी बोलने पर पाबंदी लगा दी थी। 1988 में जामिया विश्वविद्यालय को मुस्लिम विश्वविद्यालय का अधिनियम लाकर उनकी मुस्लिम परस्त मानसिकता को दर्शा दिया। घमंडिया गठबंधन के लोग सदैव ही आतंकियों का समर्थन करते रहे। पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक पर कांग्रेस के लोगों ने ही प्रश्न चिन्ह खड़ा किया। हिंदू धर्म व हिंदू देवी देवताओं का सदैव ही अपमान करना उनकी फितरत है। प्रकाश पाल ने कहा कि जिन्होंने बैठाया था रामलला को टेंट में वह कभी नहीं जा पाएंगे पार्लियामेंट में। पत्रकार वार्ता में अनूप अवस्थी, अशोक मिश्र, नीरज गुप्ता, अंकित बाजपेई, मनीष त्रिपाठी रहे।

# ट्रैक्टर की टक्कर से पांच वाहन टूटे

**कानपुर।** हरबंश मोहाल थानाक्षेत्र में रहने वाले मनीष गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उनकी कार घर के बाहर खड़ी थी तभी तेज रफ्तार में चालक ट्रैक्टर लेकर आया और टक्कर मार दी। कार क्षतिग्रस्त हो गई। पता चला है, कि इस ट्रैक्टर ने अन्य पांच गाड़ियों को भी टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त किया है। बताया कि आबादी के बीच इतने तेज ट्रैक्टर भगाने पर कोई चपेट में भी आ सकता था। जिससे कोई बड़ी दुर्घटना भी हो सकती थी। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है, इस मामले में सीसीटीवी फुटेज वायरल है, जिसमें ट्रैक्टर चालक की लापरवाही साफ दिखी है। पुलिस ने कहा कि जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

शोक | द्विअर्थी संवादों के कारण देश भर में बनाई थी खास पहचान

# नौटंकी के सम्राट रंपत दुनिया छोड़ गए

विशेष संवाददाता,कानपुर



रंपत। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रंपतका चेहरा सामने आते ही लोगों की हंसी छूट जाती थी। रंगीन छींटदार शर्ट, सादी पतलून, सिर पर हैट, आंखों में गाढ़ा काजल और अक्सर पटरे वाला घुटनों तक पहना जाने वाला अंडरवियर पहने रंपत जैसे ही नौटंकी के स्टेज पर कदम रखते थे, तो लोग बरबस ही हंस पड़ते थे। उसके मुंह खोलने से पहले ही स्टेज पर मौजूद रानीबाला और सामने बैठे दर्शक समझ जाते थे कि कुछ तगड़ा होने वाला है। इसके बाद खास भाव भंगिमा में उनके द्विअर्थी संवाद चालू हो जाते थे। यह सही है कि वह अपने नाम के आगे जो शब्द इस्तेमाल करते थे, वह निखालिस गाली जैसा था। लेकिन रंपत ने कनपुरिया गाली के इसी शब्द को देश के कोने-कोने में पहचान दिला दी। सोमवार को रंपत के लब हमेशा के लिए खामोश हो गए।

नौटंकी को द्विअर्थी संवादों के जरिए नयी पहचान दिलाने वाले रंपत ने लोगों को जमकर गुदगुदाया। इस कला को कानपुर की देन बताया जाता है। चौक सराफा वाले श्रीकृष्ण पहलवान, रेलबाजार वाली गुलाब बाई फिर उनकी विरासत को काफी दिनों तक उनकी बेटी मधु और बिट्टन (आशा) संभाले रहीं। लेकिन नब्बे की दशक की शुरुआत में रंपत सिंह भदौरिया उर्फ रंपतने इस कला में कदम रखा तो पीछे मुड़कर नहीं देखा। दादानगर में नौटंकी के एक शो में रंपत ने बताया था कि वह कोई रिकार्ड नहीं रखते हैं, पर साल भर में 45-50 शो पूर देश में हो जाते हैं। द्विअर्थी संवादों के कारण जनता ने उन्हें नौटंकी के दादा कोंडके की उपाधि दी थी। स्वांग को व्यावसायिकता देने वाला रंपत कहता था कि लोग जो पसंद करते हैं वही प्ले करता हूं। मकसद इस तनाव भरी जिंदगी की कशकश के दौर में किसी के होंठो पर हंसी लाना रहता है। पुलिस वालों के परिवार में जन्मे रंपत कोई 63 साल के थे। बचपन में नौटंकी देखने का जुनून इतना था कि कई-कई किलोमीटर पैदल ही रास्ता नाप दिया करते थे। कलाकारों की नकल उतारना, नाचना उनका शौक था। पुलिस वाले के घर में यह शौक भला कहां तक चलता। अलग होना पड़ा। इसके बाद नौटंकी आर्टिस्ट कृष्णा बाई से मुलाकात और दादा कोंडके का द्विअर्थी संवाद वाला अंदाज रंपत को भा गया।



# वर्दी पहन लूट करने वाले गैंग से मुठभेड़, एक के पैर में लगी गोली

## चार अन्य बदमाश दबोचे, डीसीपी पश्चिम की अगुवाई में 24 घण्टे में घटना का खुलासा

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** मकनपुर दरगाह आए जायरीनों के साथ पुलिस की वर्दी मे लूट करने वाले गिरोह से मुठभेड़ में एक लुटेरे के पैर में गोली लग गई। जबकि अन्य चार को दबोच लिया गया। घायल लुटेरे को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। अभी गिरोह का सरगना फरार है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। घटना का 24 घंटे के अंदर खुलासा करने वाली टीम को पुलिस कमिश्नर ने 50 हजार रुपए ईनाम की घोषणा की गई है।

मध्य प्रदेश में दमोह जिले के फुटेराबाद के वार्ड नंबर एक में रहने वाला वसीम खान उर्फ राजा अपने साथी वार्ड नंबर दो पुराना बाजार निवासी आसिफ खान और कार चालक सौरव ताम्रकार के साथ मकनपुर दरगाह पर अपने गुरु (पीर) को लेने आ रहे थे। तभी शनिवार रात बिल्हौर मकनपुर रोड पर देवहा गांव के सामने कार सवार चार बदमाशों ने अपनी कार उनकी कार के आगे लगाकर उन्हें रोक लिया था।

इसके बाद कार से उतरे तीन लोगों ने अपने आप को पुलिस वाला बताकर कर उनके ऊपर बकरी चोर होने का आरोप लगाया और पिस्तौल दिखाकर मारपीट करते हुए तीनों को अपनी गाड़ी में बैठा लिया। बदमाशों ने चलती गाड़ी में तीनों के पास मौजूद ज्वैलरी और नगदी लूट ली तथा एनकाउंटर करने की धमकी देकर परिजनों से मंगवाए गए 50 हजार रुपए भी अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। इसके बाद वसीम को पनकी थाना क्षेत्र में और उसके साथी व कार चालक को महाराजगंज थाना क्षेत्र में रोड किनारे फेंक कर फरार हो गए थे।

### मकनपुर के पास कार सवारों को अगवा कर की थी लूट सरगना की तलाश कर रही पुलिस



पुलिस की गिरफ्त में आए लुटेरे। अमृत विचार

### घटना का मास्टर माइंड हुआ घायल

पकड़े गए सभी पांच अपराधियों में घटना का मुख्य मास्टरमाइंड सूर्यकांत चौरसिया है जो बिल्हौर थाना क्षेत्र के डोड़वा जसौली गांव का रहने वाला है और कई घटनाओं में शामिल रह चुका है। स्थानीय लोगों की माने तो चंद दिनों मे कई संपत्तियों का मालिक बनने वाला सूर्यकांत कुछ साल पहले गांव में ही खेती बाड़ी करता था लेकिन अचानक से ही उसके पास आई तमाम संपत्ति की चर्चा आसपास के गांव में होती रहती थी।

### काम आया ऑपरेशन त्रिनेत्र, सीसीटीवी फुटेज ने दिया बदमाशों का सुराग

घटना की जानकारी के बाद हरकत में आई पुलिस ने घटना स्थल से लेकर पनकी और महाराजपुर तक निजी प्रतिष्ठानों पर लगे 250 से अधिक सीसीटीवी कैमरे चेक किए। उनसे मिले फुटेज से घटना में प्रयोग की गई कार और बदमाशों की पहचान होने के बाद उनकी तलाश शुरू की। अधिकारियों ने सर्विलांस टीम सहित सात टीमें में गठित की थी। रविवार रात लगभग नौ बजे बदमाशों की लोकेशन घटनास्थल के पास मिलने पर पुलिस ने उन्हें घेरा। पुलिस देख बदमाशों ने बैरियर टक्कर मारकर तोड़ दिया। जिससे उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बाग में उतर गई। इसके बाद बदमाश कार से उतरकर पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने लगे। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बिल्हौर क्षेत्र के डुडवा जमौली गांव निवासी सूर्य उर्फ सूर्यकांत पैर में गोली लगने से घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने घायल व उसके चार साथी अकबरपुर कानपुर देहात निवासी दिव्यांशु कमल, सफीपुर उन्नाव निवासी रिशु सविता, बर्रा कानपुर निवासी सत्य प्रकाश यादव और गुजैनी कानपुर निवासी शंटी उर्फ़ अमन को पकड़ लिया। एडीसीपी बृजेंद्र द्विवेदी के अनुसार घायल बदमाश को उपचार के लिए भेजा गया है और अन्य साथियों से पूछताछ हो रही है।

## करंट की चपेट में आकर मवेशी की मौत

**शिवराजपुर।** फसल को बेसहारा जानवरों से बचाने के लिए किसान ने खेत के चारों तरफ लोहे के नंगे तारों में 11 हजार वोल्ट की लाइन से कटिया डालकर जोड़ दिया। जिसमें गांव के ही एक किसान के मवेशी की तारों से चिपक कर मर गई। पीड़ित ने आरोपी किसान के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

थाना क्षेत्र के मुंहपोछा गांव निवासी किसान बउआ ने गांव के किनारे अपने खेत में जानवरों से अपनी फसल बचाने के लिए चारों तरफ लोहे का तार लगाया है। साथ ही गांव के बाहर से निकली 11 हजार वोल्ट की लाइन से कटिया फांस कर खेत के तारों से जोड़ दिया है। गांव के निवासी राम सिंह ने थाने में तहरीर दी है।

# सपाइयों की अमर्यादित हरकत पर रोष

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** मैनपुरी में सपा के कार्यकर्ताओं द्वारा महाराणा प्रताप व भामाशाह की प्रतिमा से अभद्रता करने को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त रोष है। साथ ही कन्नौज में बाबा साहब आंबेडकर की प्रतिमा से अभद्रता व प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री मोदी को अपशब्द कहने के विरोध में भाजपा जिलाध्यक्ष कानपुर ग्रामीण दिनेश सिंह कुशवाहा ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन आरआई घाटमपुर नरपत राय को सौंपा है। जिलाध्यक्ष ने ज्ञापन में कहाकि सपा समर्थकों की अभद्र गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। यदि इन्होंने माफी नहीं मांगी तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में संदीप बाजपेयी जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा, सौरभ त्रिवेदी जिला संयोजक आईटी विभाग, सत्येन्द्र सिंह जिला महामंत्री किसान मोर्चा, बबलू पासवान जिला उपाध्यक्ष, श्याम सिंह चौहान जिला कार्यालय मंत्री, अतुल बाजपेयी सह मीडिया प्रभारी, मण्डल अध्यक्ष अनूप कुमार अवस्थी सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



ज्ञापन सौंपते भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण दिनेश कुशवाहा। अमृत विचार

- मांगों को लेकर जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन आरआई घाटमपुर को सौंपा

# योगी की सभा सफल बनाने में जुटे

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** पतारा में 8 मई को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आ रहे हैं। जिसको लेकर भाजपाई जनसभा को सफल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं को पतारा ले जाने के लिए जुट गए हैं। वहीं भाजपा नेता गांव-गांव जाकर कार्यकर्ताओं को साधन उपलब्ध कराने का भी प्रयास कर रहे हैं। जिससे मुख्यमंत्री की जनसभा में अच्छी भीड़ जुट सके।

भाजपा के घाटमपुर कार्यालय प्रभारी विद्यासागर त्रिपाठी व विधानसभा संयोजक कमलेश त्रिवेदी ने बताया कि बुधवार को पतारा के रेलवे स्टेशन रोड पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अकबरपुर से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के समर्थन में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री योगी के आने से कार्यकर्ता में उत्साह बढ़ा है। उन्होंने जनता जनार्दन, भाजपा कार्यकर्ताओं व एनडीए गठबंधन के सहयोगी मित्रों से मुख्यमंत्री योगी की सभा में पहुंचने की अपील की है।



भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बैठक की। अमृत विचार

## संदिग्ध हालात में मिला अज्ञात युवक का शव

**बिठूर।** मकसूदाबाद पंचायत भवन के सामने एक अज्ञात युवक का शव मिलने से गांव में सनसनी फ़ैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किये। इंस्पेक्टर बिठूर जितेंद्र सिंह ने बताया कि आस पास के लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि उक्त युवक दो तीन दिनों से शराब ठेके के पास नशे की हालत में देखा जा रहा था। घटना की जाच के लिए फारेन्सिक टीम को बुलाया गया था। जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# पत्नी से झगड़े के बाद फांसी पर झूला युवक

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर कस्बें मे रविवार रात एक युवक ने आपस में हो रहे विवाद में पत्नी को छत से गिरने के बाद पुलिस के घर के अंदर कमरे में फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना और पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की। कस्बा के मुरादनगर बिल्हौर निवासी चुन्नीलाल का 45 वर्षीय पुत्र रामदास पेशे से ट्रक ड्राइवर था। शराब का लती रामदास अपनी पत्नी और बेटा व बेटी के साथ रहता था। आस पड़ोस के लोगों के अनुसार रविवार रात भी वह शराब के नशे में था। देर रात छत पर सोने के लिए पहुंचने के बाद पति-पत्नी दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद होने लगा और आपस में मारपीट के दौरान पति का धक्का लगने से पत्नी छत से नीचे आ गिरी। घायल महिला को परिजनों और आज पड़ोस के लोगों ने आनन फानन में अस्पताल में भर्ती कराया जहां अभी भी उसका उपचार चल रहा है। वहीं घटना के बाद बेहोश पत्नी को मरा समझकर पति मौके से फरार हो गया और देर रात घर पहुंचने के बाद उसने पुलिस के डर से कमरे में छत के कुंडे में साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई।

- कुछ देर पहले ही पत्नी छत से गिर गई थी



आरटीओ टीम ने सीज किए डंपर।

## पांच डंपरों को किया गया सीज

**चौबेपुर।** आरटीओ की टीम ने चौबेपुर में वाहन चेकिंग के दौरान विभिन्न खामियों के चलते पांच डंपरों को सीज किया। सोमवार दोपहर भट्ठा कोठी गांव के सामने ओवर ब्रिज के समीप आरटीओ की टीम ने वाहनों की चेकिंग के दौरान ओवरलोड व नंबर प्लेट में गड़बड़ी के चलते पांच मौरंग लदे डंपरों के पर कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि टीम द्वारा पांच डंपरों को सीज किया है।

# प्रेक्षक ने दिए मतदान केंद्रों पर पानी व छांव के इंतजाम के निर्देश

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र में आगामी 13 मई को होने जा रहे लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। बढ़ते तापमान व गर्मी को देखते हुए उन्होंने मतदान स्थलों पर पेयजल व छाया की व्यवस्था विशेष रूप से सुचारू कराए जाने के निर्देश दिए।

मतदान केंद्रों पर की जा रही तैयारियों का जायजा लेने के लिए प्रेक्षक पी वाई भट्ट सोमवार दोपहर क्षेत्र के मरियानी व भिन्डुरी मतदान स्थल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वहां पेयजल, टॉयलेट व छाया के प्रबंध के बाबत मौजूद अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने गर्मी को देखते हुए सभी मतदान केंद्रों पर पानी की समुचित व्यवस्था व छाया के लिए टेंट का इंतजाम विशेष रूप से किये जाने को कहा। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार दिव्या भारती, ग्राम प्रधान श्याम जी कुशवहा, प्रमोद सिंह आदि मौजूद रहे।



मरियानी मतदान केंद्र का निरीक्षण करते चुनाव प्रेक्षक पी वाई भट्ट। अमृत विचार

- प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया




मतदान के लिए जागरूक करने की शपथ लेते शिक्षक। अमृत विचार

### स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के प्रबंधकों ने मतदाता जागरुकता अभियान चलाने की ली शपथ

**घाटमपुर।** उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित महाविद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय त्रिवेदी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सरस्वती महिला महाविद्यालय विजयनगर अभिनव सेवा संस्थान महाविद्यालय और छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के शिक्षकों तथा छात्रों के साथ बैठक एवं चर्चा की गई। शिक्षकों ने अपने छात्राओं के साथ समाज के लोगों को भी अधिक से अधिक संख्या में मतदान के लिए जागरूक भी करेगे। विनय त्रिवेदी ने सभी से कहा कि धूप और गर्मी से न घबराएं वोट डालने जरूर जाएं। उन्होंने कहा कि बहुत कम देशों के नागरिकों को वोट देने और अपनी सरकार चुनने का अधिकार है। भारत के लोगो को प्रजा तंत्र मे यह दुर्लभ अधिकार प्राप्त है। कोषाध्यक्ष ब्रजेश भदौरिया सहित कॉलेजो के प्राचार्य और प्रबन्धक भी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### शिव हरि धाम में लगाया स्वास्थ्य शिविर, देखे मरीज

**घाटमपुर।** शिव हरि धाम मंदिर मदनपुर में कुलवंती हॉस्पिटल की ओर से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के लोगों ने पहुंच कर नि:शुल्क इलाज कराया। कैंप में विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश भारत, डॉ. रूपेश गुप्ता, डॉ. वीनस सचान, डॉ. आफरीन, डॉ अनिल चतुर्वेदी आरोग्य भारती महानगर अध्यक्ष, डॉ रमाकांत पांडे आरोग्य भारती प्रांत स्वास्थ्य प्रमुख ने मरीजों को देखा। उनका निशुल्क इलाज भी किया गया। इस मौके पर डॉ. प्रकाश भारत ने कहा कि धूप व गर्मी का बचाव करें, धूप में बाहर निकलने से बचें। अगर निकले तो सर जरूर ढक लें। इस मौके पर मंदिर परिवार से शिवकुमार द्विवेदी शिव हरी धाम मदनपुर, राजेश अवस्थी पूर्व प्रधान चौबेपुर, ओम बाबा, सुशील अवस्थी, कोमल प्रधान, गोविंद यादव, जगदीश संखवार, पुत्तीलाल पाल, गुड्डू गुप्ता, प्रियंका अवस्थी, शिवकुमार तिवारी, शशि अग्निहोत्री, संजय सचान, गया प्रसाद, धनीराम गीतांजलि पाल, सहित आदि मौजूद रहे।

### चमनगंज में व्यापारी के घर से लाखों की चोरी

**कानपुर।** चमनगंज थानाक्षेत्र में रहने वाले बिल्डिंग मेटेरियल के घर का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी जेवरात समेत लाखों का माल पार कर दिया। पीड़ित जब शाम को लौटे तो वहां का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। पीड़ित ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। रशीद बनिया चौराहे में स्थित एक फ्लैट में रहने वाले मोहम्मद असलम ने पुलिस को बताया कि वह उन्नाव में बिल्डिंग मैटीरियल का काम करते हैं। सोमवार सुबह उन्नाव निकल गए थे। बताया कि बच्चे प्रेमनगर में व्यापार करते हैं। शाम करीब छह बजे घर लौटे तो देखा कि घर का ताला लगा था और दरवाजा खुला पड़ा था।

# साक्षी व योगेश ने किया स्कूल टॉप

संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बर्रा विश्व बैंक स्थित कामद शाइनिंग स्टार्स एकेडमी का आईएससी व आईसीएसई बोर्ड का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इंटर मीडिएट की छात्रा साक्षी द्विवेदी ने 93 प्रतिशत अंक व हाईस्कूल के योगेश चौबे ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉप किया। वहीं मेधवी छात्रों में इंटर के आदित्य मिश्रा ने 91 प्रतिशत, आयुष सिंह ने 88 प्रतिशत, हाईस्कूल के अभिजीत सिंह ने 94 प्रतिशत, जान्हवी चौहान ने 92 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। अच्छे अंक पाकर खुशी से लबरेज छात्र-छात्रा ढोल नगाड़ों में जमकर झूमें। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुदीप दीक्षित ने मेधावियों का सम्मानित किया। कामद ग्रुप के चेयरमैन अखिलेश शुक्ल ने बताया कि सभी मेधावियों के लिए सम्मान समारोह होगा। प्रबंधक रत्नेश शुक्ला, प्रमिला सचान, मधुलिका मिश्रा, महेंद्र सिंह यादव मौजूद रहे।



कामद शाइनिंग स्टार्स एकेडमी के बच्चों को पास होने पहनाई गई माला। अमृत विचार

### पढ़ाई के दौरान बनाए एप्स बनना है इंजीनियर




**कानपुर।** केंद्रांचल कॉलोनी नौबस्ता निवासी श्रेयांश मिश्रा ने आईसीएसई बोर्ड के नतीजों में 99 .4 फीसदी अंक लाकर विद्यालय व परिजनों का नाम रोशन किया। श्रेयांश के पिता राज कुमार मिश्रा सीओडी में सीनियर ऑडिटर हैं, मां प्रीति गृहणी हैं। घर में एक छोटा भाई वेदांश है। किदवई नगर स्थित मदर टेरेसा स्कूल में पढ़ने वाले श्रेयांश ने मैथ, हिंदी, सिविक्स, जैग्रॉफी व कंप्यूटर में 100 अंक हासिल किए, जबकि साइंस में 99 व इंग्लिश में 98 अंक आए। श्रेयांश आगे चलकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहते है। वह एप्स व वेबसाइट भी बना चुके है।



कारवर पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राएं।

### पूर्वी अवस्थी ने पाए 90 फीसदी अंक


**कानपुर।** कारवर पब्लिक स्कूल आवास विकास अंबेडकरपुरम कल्यानपुर कानपुर में जारी परीक्षा परिणाम में सौ फीसदी छात्रों ने सफलता हासिल की है। स्कूल के 10वीं कक्षा की परीक्षा में 95 फीसदी से अधिक छात्रों ने प्रथम स्थान हासिल किया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या पायल सक्सेना व प्रबंधक रुचिरा वर्मा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। 2023-24 की आईसीएसई की परीक्षा में कक्षा 10 वी की छात्रा पूर्वी अवस्थी ने 90 फीसदी अंक प्राप्त कर सभी विषयो मे सर्वोच अंक प्राप्त किए हैं। अनन्या साहनी ने 88 फीसदी अंक, योगेश कुमार ने 85 फीसदी अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है।



रिजल्ट आने के बाद खुशी से खिले चेहरे।

### इशिता ने हासिल किए 98.5 प्रतिशत अंक

**कानपुर।** स्वराज इण्डिया पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। बारहवीं के विज्ञान वर्ग में इशिता सहाय 98 .5 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय की सर्वश्रेष्ठ छात्रा रहीं। यशवेन्द्र स्वरुप 97 प्रतिशत अंक पाकर वाणिज्य वर्ग के सर्वश्रेष्ठ छात्र रहे। कला वर्ग में अनन्या पाण्डेय 96 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष पर रहीं। दसवीं के विज्ञान वर्ग में यश वर्धन कुशवाहा व आयुष गुप्ता 98 .5 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ छात्र रहे। वहीं तनवी राजानी 97 .6 प्रतिशत अंकों के साथ वाणिज्य वर्ग के शीर्ष पर रहीं। प्रधानाचार्या प्रेरणा मुसद्दी ने बधाई दी।



मर्सी मेमोरियल के बच्चे चहके।

### तीन छात्रों ने हासिल किए 98.80 अंक

**कानपुर।** मर्सी मेमोरियल स्कूल के दसवीं के छात्र अरिहंत मिश्रा ने 98 .80 फीसदी वैभव गुप्ता ने 98 .80 व अर्णव द्विवेदी ने 98 .80 फीसदी अंक पाए हैं।

**शिकंजा** कमिश्नरेट पुलिस संपत्तियों को लगातार खोज रही है

# इरफान गैंग की अवैध संपत्तियों की जांच तेज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

**अमृत विचार।** सीसामऊ से समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी और उनके गैंग में शामिल लोगों की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कमिश्नरेट पुलिस लगातार विधायक इरफान सोलंकी और उनके गैंग के सदस्यों की अवैध संपत्तियों की जांच तेजी से कर रही है। हालांकि, गैंगस्टर की कार्रवाई होने के बाद पुलिस अब तक इरफान सोलंकी और उनके साथी हिस्ट्रीशीटर शौकत अली पहलवान की तकरीबन 100 करोड़ की अवैध संपत्तियों पर जब्तीकरण की बड़ी कार्रवाई कर चुकी है। मालूम हो कि इरफान पर 17 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। जिनमें से कुछ फाइनल भी हो चुके हैं। अब पुलिस उनके गैंग में शामिल हिस्ट्रीशीटर इजराइल आटेवाला, मोहम्मद शरीफ, नूरी शौकत समेत अन्य की संपत्तियों को जांच करा रही है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस को इसमें कुछ सफलता भी हाथ लगी है।



विधायक इरफान सोलंकी पर जाजमऊ में नजीर फातिमा के प्लॉट पर बनी झोपड़ी में आग लगाने, फर्जी आधार कार्ड से हवाई यात्रा करने, बांग्लादेशी नागरिक को प्रमाण पत्र देने, रंगदारी मांगने समेत अन्य मामलों में कार्रवाई की गई थी। उस दौरान पुलिस ने दो माह के भीतर इरफान सोलंकी पर छह मुकदमे दर्ज किए थे। पुलिस ने विधायक इरफान सोलंकी, भाई रिजवान सोलंकी, विधायक के गुर्गे हिस्ट्रीशीटर इजराइल आटे वाला, हिस्ट्रीशीटर शौकत अली पहलवान, मोहम्मद शरीफ को आरोपी बनाया था। इरफान को इस गैंग का लीडर बनाया गया था। इसके बाद पुलिस ने धीरे-धीरे विधायक इरफान की अवैध संपत्तियों को चिन्हित किया और जब्तीकरण की शुरूआत की थी।

### ईडी कस चुकी है शिकंजा

सपा विधायक इरफान सोलंकी के मामले में कुछ माह पूर्व ही प्रवर्तन निदेशालय विधायक के जाजमऊ वाले घर, पिता स्व. हाजी मुश्ताक सोंलकी, रिजवान सोलंकी, नूरी शौकत, मुख्तार बाबा समेत छह स्थानों पर छापेमारी करके कई दस्तावेज और नकदी अपने साथ ले गई थी। विधायक के घर खड़ी मिली सीज गाड़ियों के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया था। छापेमारी के दौरान ईडी ने इरफान के नौकर और नूरी शौकत से कई सवाल जवाब किए थे। ईडी ने विधायक के काम, जमीनों और धन अर्जित वाले स्थानों के बारे में पूछताछ किया था। ईडी ने विधायक के नोएडा, मुंबई समेत अन्य स्थानों पर संपत्तियों की बात कही थी।



पास होने की खुशी में उछल पड़े छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## शत प्रतिशत रहा स्वीट एंजेल्स का परिणाम

**कानपुर।** सनिगवां स्थित स्वीट एंजेल्स इंटरनेशनल स्कूल के हाईस्कूल व इंटर के विद्यार्थियों का परिणाम शत प्रतिशत रहा। आईएससी बोर्ड में सत्यम सिंह ने 94.8 प्रतिशत अंक पाए, साथ ही आईसीएसई में अध्यान गुप्ता ने केमिस्ट्री में 100, फिजिकल एजुकेशन में 100 बायोलॉजी में 99 अंक प्राप्त कर 98.2 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के चेयरमैन आलोक कुमार व प्रधानाचार्य शालिनी मिश्रा ने मेधावियों का मुंह मीठा करा कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

